nt>

**Title:** Request the central government to complete the D.R.D. Project in Bihar.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : वर्ष १९७९-८० में दामोदर रेल विपथन का काम बोकारो-करगली क्षेत्र में शुरु हुआ था लेकिन वह आज तक पूरा नहीं हुआ। इसके विपथन पर करीब ६७ लाख मीट्रिक टन उत्कृष्ट कोयले का सुरक्षित भंडार प्राप्त होने की सम्भावना थी। डी.आर.डी. का प्रारम्भिक परियोजना खर्च २०० करोड़ रुपए था जो बढ़ कर अरबों में हो गया है। इस क्षेत्र के विपथन का कार्य पूरा नहीं होने के कारण कोलियरियों में स्टाफ के जिम्मे काम नहीं रह गया है। अगर स्थिति से निपटा नहीं गया तो करीब ६००० स्टाफ के प्रभावित होने की सम्भावना है। सी.सी.एल. में धीमी गति से काम होने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। डी.आर.डी. के काम में विलम्ब के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके कारण देश का करोड़ों रुपया बर्बाद हो रहा है और स्टाफ को बैठा कर पैसा देना पड़ रहा है। मेरा सरकार से आग्रह है कि डी.आर.डी. परियोजना का काम शीघ्र पूरा कराया जाए और विलम्ब से काम करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।